भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3790 का उत्तर

चंडीगढ़ बांद्रा एक्सप्रेस रेलगाड़ी हेतु ठहराव

3790. श्री धर्मबीर सिंह:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार यह देखते हुए कि जयपुर मंडल ने उत्तर पश्चिम रेलवे को रेलगाड़ी संख्या 22451/22452 के ठहराव का प्रस्ताव पहले ही दे दिया है, अटेली स्टेशन पर रेलगाड़ी संख्या 22451/22452 (चंडीगढ़ बांद्रा एक्सप्रेस) और रेलगाड़ी संख्या 05097/05098 (टनकपुर दौराई एक्सप्रेस) के ठहराव को स्वीकृति प्रदान करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार गत 8 महीनों से विशेष रेलगाड़ियों के रूप में चल रही रेलगाड़ियों 09639/09640, 09425/09426, 09557/09558 एवं 09637/09638 को नियमित करेगी तथा यात्रियों को अतिरिक्त किराया न देना सुनिश्चित करने हेतु इन्हें स्थायी संख्या आवंटित करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार संपर्क बढ़ाने के लिए श्री गंगानगर/कुरूक्षेत्र से जींद-रोहतक-रेवाड़ी-अटेली-नारनौल-रिंगस के रास्ते जयपुर तक एक नई रेल सेवा आरंभ करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या रेलगाड़ी संख्या 04979/04980 का विस्तार नारनौल से होते हुए रिंगस तक और रेलगाड़ी संख्या 19617/19620 का विस्तार दिल्ली छावनी तक किया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या आजीविका और दैनिक आवश्यकताओं के लिए यात्रा करने वाले नारनौल निवासियों के सामने आ रही असुविधा का समाधान करते हुए रेलगाड़ी संख्या 22985/22986 को गुड़गांव में ठहराव दिया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): अटेली को 12 मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ी सेवाओं और 06 स्पेशल ट्रेन सेवाओं द्वारा सेवित किया जाता है। 22451/22452 चंडीगढ़-बांद्रा(टी) एक्सप्रेस और 05097/05098

टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस का अटेली के पास नारनौल/रेवाड़ी में ठहराव निर्धारित है। वर्तमान में, गुड़गांव, जो 78 मेल/एक्सप्रेस सेवाओं द्वारा सेवित है, दिल्ली से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है और प्रतिदिन चलने वाली 20473/74 उदयपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला चेतक एक्सप्रेस सेवा सहित 2 जोड़ी सेवाओं द्वारा उदयपुर से भी जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, भारतीय रेल पर गाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान एक सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता आदि के अध्यधीन है।

नियमित गाड़ी सेवाओं के अलावा, भारतीय रेल त्यौहारों, छुट्टियों आदि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए स्पेशल ट्रेन भी परिचालित करती है। तदनुसार, भारतीय रेल द्वारा यात्रियों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए 09639/09640 मदार-रोहतक स्पेशल, 09425/09426 साबरमती हावड़ा स्पेशल, 09557/09558 भावनगर टर्मिनस-दिल्ली कैंट स्पेशल और 09637/09638 रेवाड़ी-रींगस स्पेशल को चलाया जा रहा है। इसके अलावा, अजमेर-रोहतक खंड, अहमदाबाद-हावड़ा खंड और रेवाड़ी-रींगस खंड (नारनौल के रास्ते) को क्रमशः 02 जोड़ी, 07 जोड़ी और 10 जोड़ी नियमित सेवाओं द्वारा सेवित किया जाता है।

वर्तमान में, श्री गंगानगर जयपुर से 03 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाओं और 01 जोड़ी स्पेशल रेल सेवाओं द्वारा जुड़ा हुआ है इसी प्रकार, कुरुक्षेत्र 01 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस सहित जयपुर से 04 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाओं द्वारा जुड़ा हुआ है। 04979/80 रोहतक-रेवाड़ी पैसेंजर का विस्तार रींगस तक करने के संबंध में सूचित किया जाता है कि रोहतक रेवाड़ी से 06 जोड़ी रेल सेवाओं द्वारा जुड़ा हुआ है और रेवाड़ी-अटेली-नारनौल-रींगस खंड 10 जोड़ी नियमित और 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेन सेवाओं द्वारा सेवित है, जो रींगस के लिए यात्रियों को कनेक्टिविटी प्रदान करती है। 19617 मदार-रेवाड़ी एक्सप्रेस और 19620 रेवाड़ी-फुलेरा एक्सप्रेस का विस्तार दिल्ली तक करने के संबंध में सूचित किया जाता है कि अजमेर दिल्ली से 30 जोड़ी रेल सेवाओं द्वारा जुड़ा हुआ है और फुलेरा दिल्ली से 36 जोड़ी रेल सेवाओं द्वारा जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, भारतीय रेल में नई रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना, रेलगाड़ी सेवाओं का विस्तार/नियमितीकरण करना सतत् प्रक्रियाएं हैं, जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधन उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

*****